प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 28.09.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में वोकल फॉर लोकल अभियान पर दिया जोर : आगामी त्योहारों में की स्वदेशी अपनाने की अपील।
2. प्रधानमंत्री ने अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं से महर्षि वाल्मीकि और निषादराज के मंदिरों का दर्शन करने का किया आह्वान।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलरामपुर में 825 करोड़ रूपए की 124 परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– प्रदेश में विकास कार्य एक नए सिरे से बढ़ रहे हैं आगे। और
4. केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने वाराणसी में तीन दिवसीय एमएसएमई सेवा पर्व का किया शुभारंभ : कहा– छोटे और मध्यम उद्योगों से विकसित भारत का सपना होगा साकार।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से आगामी त्यौहारों में वोकल फॉर लोकल के मंत्र का स्मरण रखते हुए, इन्हें स्वदेशी उत्पादों के साथ मनाने की अपील की है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की 126वीं कड़ी में आज श्रोताओं के साथ अपने विचार साझा करते हुए, उन्होंने कहा कि स्वदेश में तैयार उत्पादों को खरीदने से

कारीगरों के परिश्रम का सम्मान होगा और युवा उद्यमियों के सपनों को पंख भी लगेंगे। बाइट.....

*आने वाले दिनों में एक के बाद एक त्योहार और खुशियां आने वाली हैं। हर पर्व पर हम खरीदारी भी खूब करते हैं और इस बार तो जीएसटी बचत उत्सव भी चल रहा है। अगर हम ठान लें कि इस बार त्योहार सिर्फ स्वदेशी चीजों से ही मनाएंगे, तो देखिएगा, हमारे उत्सव की रौनक कई गुना बढ़ जाएगी। वोकल फॉर लोकल को खरीदारी का मंत्र बना दीजिए।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि त्यौहार के दौरान केवल घर ही नहीं, बल्कि सड़कों, पड़ोस, बाजार आर गांव की भी स्वच्छता पर ध्यान दिया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब छठ पूजा एक वैश्विक उत्सव में बदल रही है। सरकार इस महापर्व को यूनेस्को की सांस्कृतिक धरोहर सूची में शामिल करने के प्रयास कर रही है।

आगामी दो अक्तूबर को गांधी जयंती के सम्बंध में प्रधानमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी ने हमेशा स्वदेशी को अपनाने पर जोर दिया, जिसमें खादी सबसे प्रमुख थी। बाइट.....

*बीते 11 साल में खादी के प्रति देश के लोगों का आकर्षण बहुत बढ़ गया है। पिछले कुछ वर्षों में खादी की बिक्री में बहुत तेजी देखी गई है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूँ कि 2 अक्टूबर को कोई ना कोई खादी प्रोड़कट जरूर खरीदें। गर्व से कहें– ये स्वदेशी हैं। इसे सोशल मीडिया पर हैशटैग वोकल फॉर लोकल के साथ शेयर भी करें।*

प्रधानमंत्री ने सात अक्तूबर को मनाई जाने वाली महर्षि वाल्मीकि जयंती के संबंध में कहा कि महर्षि वाल्मीकि

ने ही रामायण के माध्यम से लोगों को भगवान राम के अवतार से जुड़ी कथा से अवगत कराया। बाइट.....

*07 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती है। हम सब जानते हैं, महर्षि वाल्मीकि भारतीय संस्कृति के कितने बड़े आधार हैं। ये महर्षि वाल्मीकि ही थे, जिन्होंने हमें भगवान राम की अवतार कथाओं से इतने विस्तार से परिचित करवाया था। उन्होंने मानवता को रामायण जैसा अद्भुत ग्रंथ दिया।*

प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को आज प्रदेशभर में सुना और सराहा गया। प्रधानमंत्री द्वारा अयोध्या आने वाले सभी श्रद्धालुओं से महषि वाल्मीकि और निषादराज के मंदिरों का दर्शन करने का आह्वान करने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनके जीवन से समाज को प्रेरणा मिलती है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ में, कुशीनगर में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और दयाशंकर सिंह ने प्रधानमंत्री द्वारा वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिय की गई अपील की सराहना की।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बलरामपुर में 825 करोड़ रुपये लागत की 124 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना भेदभाव के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग को उपलब्ध करावाया जा रहा है, जिससे प्रदेश में विकास कार्य एक नये सिरे से आगे बढ़ रहा है। बाइट.....

*बलरामपुर में सते अटल बिहारी वाजपेयी जी के नाम पर एक मेडिकल कॉलेज का निर्माण हो इसके लिए हमारी सरकार ने पूरी व्यवस्था कर दी है। इमलिया कोड में थारू बंधुओं के लिए उनकी। और उनकी संस्कृति को संरक्षण करने के लिए एक थारू म्यूजियम का निर्माण पहले ही किया जा चूका है। आज जो सौगात यहाँ के लिए उपलब्ध करवाई जा रही है उसमें एक राजकीय पॉलिटेक्निक का उद्घाटन किया है।*

——————————

प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में "खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन" विषय पर आयोजित सेमिनार में कहा कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में 9 से 16 अक्टूबर तक आठ दिवसीय ट्रेड शो आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में उद्यमियों को निःशुल्क स्टॉल उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि वे अपने उत्पादों का व्यापक प्रचार–प्रसार कर सकें।

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

केन्द्रीय सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतनराम मांझी ने वाराणसी के रूद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आज से तीन दिवसीय एमएसएमई सेवा पर्व का शुभारम्भ किया। इस मौके पर राज्य मंत्री शोभा करन दलांजे भी मौजूद रही। सेवा पर्व में 15 सौ से अधिक लाभार्थी मौजूद रहे। केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने अपने संबोधन में कहा कि एमएसएमई के माध्यम से स्वदेशी उत्पादों का निर्माण कर विकसित भारत का सपना साकार किया जा सकता है। बाइट.....

*एमएसई ही हमारे सभी बायो पॉल्यूशन है हमारे बेरोजगारी है हमारी भुखमरी है ये सब का एक ही निदान है वो है एमएस आप अगर हुनर लेते हैं सीखते हैं तो अपने अन्य लोगों को सिखाइए उन लोगों को उठान के लिए आपसे हाथ जोड़ के प्रार्थना है की आप अगर फायदा लेते है उद्यमी बनते है विशेषता प्राप्त करते है तो कम से कम दो चार लोगों को उद्यमी बताइए।*

——————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन की भावना से परिवर्तन और प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रही है। सेवा पर्व की विशेष श्रृंखला में, हम आज आपको बता रहे हैं कि प्रधानमंत्री जन–धन योजना से किस प्रकार वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला है।....

*वर्ष 2014 में पदभार ग्रहण करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की आरंभिक पहलों में एक प्रधानमंत्री जन धन योजना थी। 56 करोड़ से अधिक जनधन खातों के साथ, यह योजना दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहल बन गई है। इस योजना के अंतर्गत 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण और*

*अर्ध–शहरी क्षेत्रों में हैं, और 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं। इस योजना ने हर घर तक बैंकिंग सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित की है। साथ ही यह प्रत्यक्ष लाभ अंतरण का आधार और डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में सहायक बन गया है। प्रधानमंत्री जनधन योजना यह सुनिश्चित कर रही है कि विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे तथा एक समतापूर्ण और सशक्त भारत का निर्माण हो। मुकेश कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

——————————

**केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सबका साथ–सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के अनुरूप जनता के हितों के लिये कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नये जीएसटी सुधारों से समाज का सभी वर्ग लाभान्वित हो रहा है। केन्द्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने आज कानपुर में नये जीएसटी सुधार पर आधारित कार्यक्रम में व्यवसायियों से संवाद किया।**

——————————

**सिद्धार्थनगर जिले में सांसद जगदंबिका पाल ने आज आम लोगों और व्यापारियों के साथ संवाद कर नए जीएसटी सुधारों के बारे में जानकारी देते हुए स्वदेशी उत्पादों के उपयोग की अपील की। श्री पाल ने कहा कि सरकार द्वारा जीएसटी दरों में की गयी कमी से अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। बाइट......**

*जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक विकसित भारत का सपना है उस संकल्प को ये पूरा करेगा और जिस तरह से लोग इसका स्वागत कर रहे हैं प्रधानमंत्री मोदी जी को धन्यवाद दे रहे हैं। से कम से कम आम गरीब, मध्यम*

*वर्ग के लोगों को एक बहुत बड़ी राहत मिली है कि निश्चित तौर से ये देश की अर्थव्यवस्था जो आज सामने से चुनौतियां हैं दुनिया की उन चुनौतियों को भी मुकाबला करने में सक्षम होगा।*

———————————

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदो ने 22 सितम्बर से जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा की थी, जो समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। आइये सुनते हैं ये रिपोर्ट.....**

*नए जीएसटी सुधारो के अंतर्गत सरकार ने कई क्षेत्रों में दरों में बड़ी कटौती की है। कृषि क्षेत्र में मखाना आधारित स्नेक्स पर जीएसटी दरको 12: से घटकर 5: कर दिया गया है। इस कमी से या उत्पाद घरेलू और वैश्विक दोनों बाजारों में अधिक प्रस्पर्धी हो जाएगा। जूस जैम और आचार पर जीएसटी 12: से घटकर पांच प्रतिशत करने से स्थानीय उद्योगों को लाभ होगा और खपत भी बढ़ेगी। बिस्किट पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत और नमकीन और सॉस पर 12: घटकर 5: करने से पैकेज फूड की कीमतें और सस्ती होंगी। इससे खपत बढ़ेगी और उपभोक्ताओं के साथ–साथ खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा दृष्टि के साथ अमन यादव आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

———————————

**एशिया कप टी–20 क्रिकेट के फाइनल में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। यह मैच भारतीय समय के अनुसार रात 8 बजे से खेला जाएगा। एशिया कप के 41 वर्ष के इतिहास में यह पहला मौका होगा जब दोनों टीमें फाइनल खेलेंगीं।**

**(समाप्त)**